PRGI No. RJHIN/25/A3844 डाक पंजीयन G/JJN/053/2024-26 Valid up to 31 dec. 2026

दैनिक
# भीम प्रज्ञा

2009 से स्थापित

सम्यक, न्याय, स्वतंत्रता, समानता, बंधुता, एवं सामाजिक चेतना के लिए रचनात्मक पत्रकारिता

**भीम प्रज्ञा अलर्ट**

'जिस समाज में मेहनत से ज्यादा जुगाड़ की चर्चा होने लगे, वहां प्रतिभाएं नहीं टूटतीं– भरोसा टूटता है।'

गांव के गुवाड़ से निकलकर प्रकाशित होने वाले दैनिक अखबार भीम प्रज्ञा की मजबूती के लिए पाठक बनिए और बनाइए अपनी प्रतिक्रिया दीजिए

हेल्पलाइन - 9983040937

Bheem Pragya publication
A/C No: 61347330768
IFSC Code- SBIN0031880
Phone pe , G-pay
9983040937

www.bheempragya.in | वर्ष-1 | अंक-169 | झुंझुनू (राजस्थान) | बुधवार, 13 मई, 2026 | Email.bheempragya@gmail.com | पृष्ठ-8 | मूल्य: 5.00

## सम्पादकीय



एडवोकेट हरेश पंवार
Contact No. 9983040937

**मैं बोलूंगा तो फिर कहोगे कि बोलता है**

## पेपर लीक का जहर और शिक्षा व्यवस्था का गिरता विश्वास

भारत में शिक्षा को हमेशा राष्ट्र निर्माण की सबसे मजबूत नींव माना गया है। एक गरीब मजदूर से लेकर मध्यम वर्गीय परिवार तक अपने बच्चों को पढ़ाने के लिए दिन-रात मेहनत करता है। कोई खेत गिरवी रखता है, कोई कर्ज लेता है, तो कोई अपनी जरूरतों को मारकर बच्चों के सपनों को पंख देने का प्रयास करता है। विशेषकर मेडिकल जैसी प्रतिष्ठित परीक्षाओं की तैयारी करने वाले विद्यार्थी वर्षों तक कठिन परिश्रम करते हैं। दिन-रात किताबों के बीच संघर्ष करते हुए वे अपने भीतर एक डॉक्टर बनने का सपना संजोते हैं। लेकिन जब परीक्षा से पहले ही पेपर लीक होने की खबरें सामने आती हैं, तब केवल एक परीक्षा नहीं टूटती, बल्कि लाखों विद्यार्थियों और अभिभावकों का विश्वास भी टूट जाता है। यहां मैं बोलूंगा तो फिर कहोगे कि बोलता है।

नीट परीक्षा को लेकर जिस प्रकार पेपर आउट और धांधली के आरोप सामने आए हैं, उसने पूरे देश को झकझोर दिया है। जिन अभिभावकों ने अपने बच्चों के भविष्य के लिए लाखों रुपए कोचिंग, हॉस्टल और पढ़ाई पर खर्च किए, आज उनके चेहरे चिंता और निराशा से भरे हुए दिखाई दे रहे हैं। सबसे बड़ा सवाल यही है कि यदि देश की सबसे बड़ी परीक्षा एजेंसियों में शामिल संस्थाएँ भी निष्पक्षता बनाए रखने में असफल हो रही हैं, तो फिर आम नागरिक किस पर भरोसा करे? आज स्थिति यह बन चुकी है कि शायद ही कोई भर्ती या प्रतियोगी परीक्षा ऐसी बची हो, जिस पर पेपर लीक या नकल माफियाओं का साया ना हो। शिक्षक भर्ती, पुलिस भर्ती, पटवारी परीक्षा, रीट परीक्षा और अब मेडिकल प्रवेश परीक्षा–हर जगह मेहनत और ईमानदारी कटघरे में खड़ी दिखाई दे रही है। सवाल यह है कि आखिर पेपर छपने से पहले ही बाजार में कैसे पहुंच जाते हैं? क्या यह केवल कुछ लोगों की गलती है? नहीं, यह पूरे सिस्टम में फैल चुके भ्रष्टाचार की भयावह तस्वीर है। देश एक ओर 'विश्व गुरु' बनने का दावा करता है, लेकिन दूसरी ओर शिक्षा में नकल और पेपर आउट का कारोबार फल-फूल रहा है। यह विडंबना ही है कि जिस शिक्षा व्यवस्था को राष्ट्र का भविष्य गढ़ना था, वही व्यवस्था आज खुद शर्मसार होती दिखाई दे रही है। यदि डॉक्टर बनने की परीक्षा ही संदिग्ध हो जाए, तो सोचिए भविष्य में चिकित्सा व्यवस्था का क्या होगा? जो विद्यार्थी मेहनत के बजाय पैसे और धांधली के दम पर डॉक्टर बनेंगे, वे समाज की जिंदगी के साथ कितना बड़ा खिलवाड़ कर सकते हैं।

आज शिक्षा, चिकित्सा और रोजगार–तीनों क्षेत्र गंभीर संकट से गुजर रहे हैं। शिक्षा में भ्रष्टाचार, चिकित्सा में व्यवसायीकरण और रोजगार में धांधली ने युवाओं के भीतर असुरक्षा और अविश्वास का वातावरण पैदा कर दिया है। स्कूलों और कॉलेजों में प्रोफेशनल कोर्स के नाम पर भारी फीस वसूली जा रही है। प्रैक्टिकल और आंतरिक अंकों के नाम पर हजारों रुपए ऐंठे जाते हैं। पढ़ाई कम और दिखावा ज्यादा हो रहा है। सबसे बड़ी चिंता यह है कि शिक्षा का स्तर लगातार गिर रहा है, लेकिन अंकों का प्रतिशत लगातार बढ़ता जा रहा है। आज ऐसे परिणाम सामने आते हैं, जहाँ विद्यार्थी ठीक से भाषा तक नहीं लिख पाता, लेकिन उसके अंक 95 से 100 प्रतिशत तक पहुँच जाते हैं। कभी ऐसा समय था जब शिक्षक परीक्षा परिणाम को 'सोने के भाव' तौलते थे। विद्यार्थी मेहनत करके अंक अर्जित करता था। लेकिन आज कई जगह अंक 'थोक के भाव' बंटते दिखाई दे रहे हैं। मार्कशीट चमक रही है, लेकिन ज्ञान कमजोर होता जा रहा है। यह शिक्षा का विकास नहीं, बल्कि उसकी विश्वसनीयता का पतन है। सबसे ज्यादा मानसिक पीड़ा उस ईमानदार और मेहनती विद्यार्थी को होती है, जो वर्षों तक संघर्ष करता है और फिर देखता है कि कोई दूसरा व्यक्ति पैसे और सिफारिश के दम पर सफलता हासिल कर लेता है। ऐसी घटनाएँ युवाओं के मन में निराशा और व्यवस्था के प्रति अविश्वास पैदा करती हैं। धीरे-धीरे यह भावना समाज को अंदर से खोखला करती जाती है। जब ईमानदारी हारती दिखाई देती है, तब मेहनत करने वाले युवाओं का मनोबल टूटना स्वाभाविक है। सरकार और संबंधित एजेंसियों को अब केवल बयान देने से आगे बढ़ना होगा। परीक्षा प्रणाली को पूरी तरह पारदर्शी और तकनीकी रूप से सुरक्षित बनाना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। पेपर लीक करने वालों के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई होनी चाहिए। ऐसे अपराधों को केवल कानूनी गलती नहीं, बल्कि 'राष्ट्र के भविष्य के साथ विश्वासघात' माना जाना चाहिए। परीक्षा केंद्रों से लेकर पेपर प्रिंटिंग और वितरण तक हर स्तर पर जवाबदेही तय करनी होगी। इसके साथ ही अभिभावकों और समाज को भी समझना होगा कि बच्चों पर केवल अंक लाने का दबाव ना डालें। उन्हें ईमानदारी, नैतिकता और धैर्य का महत्व समझाना भी जरूरी है। क्योंकि सफलता का वास्तविक मूल्य तभी है, जब वह परिश्रम और सत्यनिष्ठा से प्राप्त हो।

**अंततः** यह समझना होगा कि पेपर लीक केवल एक खबर नहीं है, बल्कि लाखों सपनों की हत्या है। यदि शिक्षा व्यवस्था में ईमानदारी और पारदर्शिता स्थापित नहीं हुई, तो देश की प्रतिभा धीरे-धीरे व्यवस्था से भरोसा खो देगी। और जिस राष्ट्र की शिक्षा व्यवस्था बीमार हो जाए, उसका भविष्य कभी स्वस्थ नहीं रह सकता।

### री-नीट की आशंका के बीच सुनील डांगी की पहल

# कोटा, व सीकर छोड़ गांव लौटे विद्यार्थियों के लिए उम्मीद बना MDCL

## चिड़ावा क्षेत्र में निःशुल्क कोचिंग, टेस्ट सीरीज और काउंसलिंग शुरू



**निदेशक सुनील डांगी,**
एमडी ग्रुप ऑफ एजुकेशन चिड़ावा



**भीम प्रज्ञा न्यूज़.चिड़ावा।**

**रजनीकांत मिश्रा** । नीट परीक्षा से जुड़े पेपर आउट विवाद और संभावित री-नीट परीक्षा की चर्चाओं के बीच विद्यार्थियों और अभिभावकों में चिंता का माहौल बना हुआ है। कोटा, सीकर और जयपुर जैसे बड़े शहरों में रहकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे अनेक विद्यार्थी परीक्षा के बाद अपने गांव लौट आए हैं। ऐसे में दोबारा तैयारी को लेकर विद्यार्थियों के सामने मानसिक दबाव, आर्थिक संकट और संसाधनों की समस्या खड़ी हो गई है। इसी परिस्थिति में चिड़ावा क्षेत्र के लिए एक सकारात्मक और प्रेरणादायी पहल करते हुए एमडीसीएल (M D Career Line) ने विद्यार्थियों के हित में निशुल्क कोचिंग, टेस्ट सीरीज और काउंसलिंग कार्यक्रम शुरू करने की घोषणा की है। संस्थान के निदेशक सुनील डांगी ने बताया कि संभावित री-नीट परीक्षा को ध्यान में रखते हुए 14 मई 2026 से संस्थान परिसर में विद्यार्थियों के लिए नियमित रूप से निःशुल्क टेस्ट सीरीज और मार्गदर्शन सत्र आयोजित किए जाएंगे।

### विद्यार्थियों को मिलेगा परीक्षा जैसा वातावरण

एमडीसीएल प्रबंधन के अनुसार टेस्ट सीरीज में विद्यार्थियों को वास्तविक परीक्षा जैसा वातावरण प्रदान किया जाएगा, जिससे उनकी तैयारी निरंतर बनी रहे। नियमित अभ्यास से विद्यार्थियों का आत्मविश्वास बढ़ेगा तथा परीक्षा के दबाव को कम करने में मदद मिलेगी।संस्थान ने यह भी स्पष्ट किया कि यह पहल केवल व्यवसायिक उद्देश्य से नहीं, बल्कि सामाजिक उत्तरदायित्व और ग्रामीण शिक्षा जनजागरण की भावना से शुरू की गई है।

### ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा की नई उम्मीद

री-नीट को लेकर बनी अनिश्चितता के बीच एमडीसीएल की यह पहल चिड़ावा क्षेत्र के विद्यार्थियों और अभिभावकों के लिए बड़ी राहत मानी जा रही है। स्थानीय स्तर पर निःशुल्क मार्गदर्शन और टेस्ट सुविधा मिलने से अब ग्रामीण प्रतिभाओं को आर्थिक और मानसिक दबाव से काफी हद तक राहत मिलने की उम्मीद है। शिक्षा जगत से जुड़े लोगों का मानना है कि यदि इसी प्रकार ग्रामीण क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण मार्गदर्शन उपलब्ध होता रहा, तो आने वाले समय में गांवों की प्रतिभाएं भी राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान स्थापित करेंगी।

### 'गांव की प्रतिभाएं संसाधनों के अभाव में पीछे न रहें' – सुनील डांगी

संस्थान निदेशक सुनील डांगी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के अनेक विद्यार्थी कोटा और सीकर छोड़कर वापस गांव लौट आए हैं। ऐसे में यदि वे दोबारा बड़े शहरों में जाकर रहेंगे तो किसान और मध्यमवर्गीय परिवारों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ेगा। उन्होंने कहा कि एमडीसीएल का उद्देश्य केवल कोचिंग देना नहीं, बल्कि ग्रामीण प्रतिभाओं को आत्मविश्वास और सही दिशा देना है ताकि वे विपरीत परिस्थितियों में भी अपने लक्ष्य से भटकें नहीं। उन्होंने अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि वे अफवाहों और अनावश्यक तनाव से बचें तथा बच्चों को सकारात्मक वातावरण में तैयारी जारी रखने के लिए प्रेरित करें। संस्थान द्वारा विद्यार्थियों को नीट पैटर्न आधारित प्रश्नपत्र, समयबद्ध परीक्षा वातावरण, अनुभवी फैकल्टी का मार्गदर्शन और मानसिक काउंसलिंग सुविधा उपलब्ध करवाई जाएगी।

### होम ट्यूशन से एमडी समूह तक का प्रेरक सफर

शिक्षा के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बना चुके सुनील डांगी का संघर्ष स्वयं ग्रामीण युवाओं के लिए प्रेरणा का विषय है। किसान परिवार से निकलकर उन्होंने सीमित संसाधनों में शिक्षा का दीप जलाया और होम ट्यूशन से शुरुआत करते हुए आज एमडी समूह को शिक्षा जगत में नई पहचान दिलाई है।पूर्व में भी उनकी संघर्ष यात्रा को लेकर 'भीम प्रज्ञा' ने प्रमुखता से समाचार प्रकाशित किया था, जिसमें यह बताया गया था कि कैसे ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाओं को पलायन से रोकने और स्थानीय स्तर पर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से उन्होंने कोटा जैसे बड़े शिक्षा केंद्रों की राह छोड़ अपने क्षेत्र में शिक्षण अभियान शुरू किया। आज उसी सोच का परिणाम है कि चिड़ावा क्षेत्र के विद्यार्थी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए बड़े शहरों पर पूरी तरह निर्भर नहीं रह गए हैं।

# नोबल साइंस एकेडमी के ईशांत ने किया कमाल, 17.5 वर्ष की उम्र में I.B. में चयन

## मिस्त्री पिता का बेटा बना प्रेरणा, चार सरकारी नौकरियों में सफलता

**भीम प्रज्ञा न्यूज.पचेरी।**

नोबल साइंस एकेडमी, पचेरी बड़ी के छात्र ईशांत जांगिड़ पुत्र संतोष जांगिड़, निवासी गांव थली, तहसील बुहाना का मात्र 17.5 वर्ष की उम्र में इंटेलिजेंस ब्यूरो ऑफ इंडिया (I.B.) में चयन हुआ है। ईशांत की इस उपलब्धि से परिवार, गांव और नोबल साइंस एकेडमी में खुशी का माहौल है। ईशांत के पिता संतोष जांगिड़ गांव में ही मिस्त्री एवं मकान निर्माण का कार्य करते हैं। सीमित संसाधनों के बावजूद बेटे की मेहनत, लगन और अनुशासन ने परिवार का नाम रोशन किया है। पिता ने बेटे की सफलता पर गर्व जताते हुए कहा कि ईशांत ने छोटी उम्र में बड़ी उपलब्धि हासिल कर परिवार और गांव का मान बढ़ाया है। नोबल साइंस एकेडमी परिवार ने ईशांत जांगिड़ को इंटेलिजेंस ब्यूरो में चयन होने पर हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। नोबल शिक्षण समूह के डायरेक्टर इंजीनियर संदीप नेहरा ने बताया कि ईशांत का एक साथ चार सरकारी नौकरियों में चयन होना ग्रामीण क्षेत्र के




प्रतिभावान विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक है। ईशांत की सफलता यह संदेश देती है कि यदि लक्ष्य स्पष्ट हो और मेहनत ईमानदारी से की जाए, तो ग्रामीण परिवेश से आने वाले विद्यार्थी भी कम उम्र में बड़ी उपलब्धियां हासिल कर सकते हैं। गांव थली सहित पूरे क्षेत्र में ईशांत की इस उपलब्धि पर खुशी की लहर है।

### 'ईशांत की सफलता ग्रामीण प्रतिभाओं के लिए प्रेरणा' – इंजीनियर संदीप नेहरा

नोबल शिक्षण समूह के डायरेक्टर इंजीनियर संदीप नेहरा ने ईशांत जांगिड़ के इंटेलिजेंस ब्यूरो में चयन पर खुशी जताते हुए कहा कि ईशांत ने कम उम्र में बड़ी उपलब्धि हासिल कर नोबल परिवार, अपने माता-पिता और गांव थली का नाम रोशन किया है। उन्होंने कहा कि सीमित संसाधनों के बावजूद ईशांत की मेहनत, अनुशासन और लक्ष्य के प्रति समर्पण ने यह साबित कर दिया है कि ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थी भी सही मार्गदर्शन और निरंतर परिश्रम से बड़े मुकाम हासिल कर सकते हैं। इंजीनियर संदीप नेहरा ने ईशांत को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि एक साथ चार सरकारी नौकरियों में चयन होना अत्यंत गर्व की बात है और यह उपलब्धि क्षेत्र के अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक उदाहरण बनेगी।

## सिंघाना में वेदांत नर्सिंग सेंटर में मनाया अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस



**भीम प्रज्ञा न्यूज.सिंघाना।**

**हर्ष स्वामी** । सिंघाना कस्बे के चिड़ावा रोड स्थित वेदांत नर्सिंग सेंटर में मंगलवार को आधुनिक नर्सिंग की संस्थापक फ्लोरेंस नाइटिंगेल का जन्मदिवस अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस के रूप में केक काटकर मनाया गया। कार्यक्रम में नर्सिंग स्टाफ एवं गणमान्य नागरिकों ने नर्सों के सेवा भाव और समर्पण को सराहा। इस अवसर पर जिला ऑडिटर 108 पंकज पारीक ने कहा कि नर्सें स्वास्थ्य सेवाओं की रीढ़ होती हैं। उनके द्वारा मरीजों को दी जाने वाली देखभाल, सेवा और करुणा न केवल रोगियों को स्वस्थ करने में मदद करती है, बल्कि उन्हें मानसिक साहस भी प्रदान करती है। उन्होंने कहा कि नर्सिंग सेवा मानवता की सबसे बड़ी सेवाओं में से एक है। कार्यक्रम में पूजा, प्रियंका, करिश्मा, निरमा, किस्मत, मीनाक्षी, अनामिका, अंजु, मुकेश, मीना, अनिल गुर्जर, संदीप गुर्जर, नरेश कुमार सैनी, सुभाष, अजीत सिंह, दिनेश, अजय शर्मा, रमेश कुमार, कीर्तन, हेमंत यादव, मुकेश सहित अनेक लोग उपस्थित रहें।

## झुंझुनूं पुलिस की बड़ी कार्रवाई: 97 वाहन जब्त, शराब पीकर वाहन चलाने वाले 35 चालक गिरफ्तार

**भीम प्रज्ञा न्यूज.झुंझुनूं।**

सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों की पालना सुनिश्चित करवाने के लिए झुंझुनूं पुलिस द्वारा जिलेभर में विशेष अभियान चलाकर प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। जिला पुलिस अधीक्षक झुंझुनूं कावेन्द्र सिंह सागर आईपीएस के निर्देशन तथा देवेन्द्र सिंह राजावत आरपीएस के मार्गदर्शन में 11 मई 2026 को जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में मोटर वाहन अधिनियम के तहत सघन चैकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले कुल 97 वाहनों को जब्त किया गया। वहीं शराब सेवन कर वाहन चलाकर आमजन के जीवन को खतरे में डालने वाले 35 वाहन चालकों को गिरफ्तार किया गया। इसके अलावा



वाहनों पर अवैध रूप से गार्डर लगाकर चलाने, वाहनों में मॉडिफिकेशन करवाने तथा ब्लैक फिल्म लगाने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध भी नियमानुसार कार्रवाई की गई। झुंझुनूं पुलिस ने आमजन से अपील की है कि सभी वाहन चालक यातायात नियमों की पालना करें, शराब पीकर वाहन न चलाएं और वाहनों में किसी भी प्रकार का अवैध मॉडिफिकेशन न करवाएं। पुलिस ने स्पष्ट किया कि यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी।

## सिंघाना में अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस पर बालाजी नर्सिंग सेंटर में विद्यार्थियों का सम्मान




**भीम प्रज्ञा न्यूज.सिंघाना।**

सिंघाना कस्बे के आयुष चाइल्ड हॉस्पिटल के पास स्थित बालाजी नर्सिंग सेंटर में अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान वर्ष 2025 की भर्ती में राजकीय सेवा में चयनित छात्राओं का सम्मान किया गया। संस्था निदेशक सुरेश गुर्जर ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस बार भी नर्स दिवस के अवसर पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में चयनित छात्राओं को माला पहनाकर एवं बैग भेंट कर सम्मानित किया गया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।इस अवसर पर राजेश कसाना, अनिल डागर, विक्रम गुर्जर, बलवीर सिंह ढाका सहित अभिभावक, विद्यार्थी एवं ग्रामीण मौजूद रहें। कार्यक्रम में नर्सिंग क्षेत्र में सेवा भावना और समर्पण के महत्व पर भी प्रकाश डाला गया।

# मंडावा में जनगणना-2027 की तैयारियां तेज, उत्कृष्ट कार्य पर प्रगणक अरविंद रेवाड़ सम्मानित

## 16 मई से शुरू होगी जनगणना-2027, मंडावा तहसील में तैयारियां जोरों पर

### स्वगणना अभियान में प्रगणकों की सक्रिय भागीदारी से प्रशासन उत्साहित

### मास्टर ट्रेनर अनिल कुमार आर्य, सरिता चाहर ने दिया प्रशिक्षण



भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडावा।

**पवन कुमार शर्मा ।** आगामी जनगणना-2027 को लेकर मंडावा तहसील में तैयारियां तेज गति से चल रही हैं। 16 मई से शुरू होने वाली जनगणना प्रक्रिया के मद्देनजर तहसील स्तर पर 1 मई से जनगणना कार्मिकों का गहन प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षण के दौरान जनगणना चार्ज अधिकारी एवं तहसीलदार मंडावा डॉ. सुरेंद्र भास्कर द्वारा पर्यवेक्षकों और प्रगणकों को लगातार आवश्यक दिशा-निर्देश एवं मार्गदर्शन प्रदान किया जा रहा है।तहसीलदार डॉ. सुरेंद्र भास्कर ने सभी जनगणना कार्मिकों को अपने-अपने आवंटित क्षेत्रों में समय-समय पर स्वगणना कार्य करवाने के लिए प्रेरित किया। उनके निर्देशन और प्रेरणा का सकारात्मक प्रभाव अब स्पष्ट रूप से देखने को मिल रहा है। कई प्रगणकों ने अपने-अपने ब्लॉकों में स्वगणना कार्य को गति देते हुए उल्लेखनीय प्रगति हासिल की है। इसी क्रम में ब्लॉक संख्या-2 के प्रगणक राजकुमार, ब्लॉक संख्या-101 के प्रगणक आनंद डांगी तथा ब्लॉक संख्या-128 के प्रगणक अरविंद रेवाड़ ने अपने आवंटित क्षेत्रों में स्वगणना कार्य पूर्ण कर उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया। विशेष रूप से प्रगणक अरविंद रेवाड़ ने प्रशिक्षण शुरू होने से एक दिन पूर्व ही अपने ब्लॉक में स्वगणना कार्य पूरा कर सक्रियता और जिम्मेदारी का परिचय दिया।

अरविंद रेवाड़ की सराहनीय कार्यशैली से प्रभावित होकर तहसीलदार डॉ. सुरेंद्र भास्कर ने उन्हें साफा पहनाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित सभी जनगणना कार्मिकों को अधिक से अधिक स्वगणना करवाने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि जनगणना जैसा राष्ट्रीय महत्व का कार्य सभी की जिम्मेदारी और सक्रिय सहभागिता से ही सफल हो सकता है। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान विभिन्न ब्लॉकों की प्रगति और फीडबैक भी लिया गया। समीक्षा में सामने आया कि अन्य क्षेत्रों में भी स्वगणना कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है। प्रशासन द्वारा जनगणना कार्य को व्यवस्थित एवं सफल बनाने के लिए लगातार मॉनिटरिंग और मार्गदर्शन किया जा रहा है। प्रशिक्षण कार्य मास्टर ट्रेनर अनिल कुमार आर्य, सरिता चाहर द्वारा किया जा रहा है।

# देव कोचिंग क्लासेस, सिंघाना ने मनाया 10वां स्थापना दिवस और अंतर्राष्ट्रीय नर्सिंग दिवस

भीम प्रज्ञा न्यूज.सिंघाना।



शिक्षा के क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान बना चुके 'देव कोचिंग क्लासेस, सिंघाना' के लिए आज का दिन दोहरी खुशियों वाला रहा। संस्था ने अपना 10वां स्थापना दिवस और अंतर्राष्ट्रीय नर्सिंग दिवस एक साथ अत्यंत हर्षोल्लास के साथ मनाया।इस विशेष अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में संस्था के निदेशक हंसराज गुर्जर ने बच्चों और अपनी पूरी टीम के साथ खुशियां बांटीं। समारोह को संबोधित करते हुए गुर्जर ने कहा, 'एक दशक का यह सफर केवल संस्थान की प्रगति नहीं, बल्कि शिक्षा के प्रति हमारे अटूट समर्पण और छात्र-छात्राओं के विश्वास का प्रतीक है। नर्सिंग दिवस और स्थापना दिवस का एक साथ होना, हमारे सेवा और शिक्षा के संकल्प को और अधिक दृढ़ करता है। 'कार्यक्रम के दौरान निदेशक हंसराज गुर्जर के साथ उनकी कोर टीम के सदस्य—ओमवीर शर्मा, राहुल भारद्वाज, मनोज यादव सोहली, हेमंत स्वामी और विक्रम गुर्जर—ने भी विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। टीम के सदस्यों ने बच्चों के साथ केक काटकर स्थापना दिवस की बधाई दी और उन्हें भविष्य में सफलता के शिखर तक पहुँचने के लिए प्रेरित किया।एक दशक की इस गौरवशाली यात्रा में देव कोचिंग क्लासेस ने क्षेत्र के हजारों बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान कर उनके करियर को नई दिशा दी है। स्थापना दिवस के इस जश्न में बच्चों का उत्साह देखते ही बन रहा था। संस्थान ने इस अवसर पर विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए शिक्षा की गुणवत्ता को निरंतर बनाए रखने का संकल्प दोहराया।

# स्व. दलीप कुमार की प्रथम पुण्यतिथि पर विद्यार्थियों को बांटी स्टेशनरी

भीम प्रज्ञा न्यूज.चिड़ावा




महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय मालियो की बगीची चिड़ावा में स्वर्गीय दलीप कुमार की प्रथम पुण्यतिथि के अवसर पर उनके परिजनों द्वारा सेवा कार्य कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस पावन स्मृति में उनके पुत्र कपिल कुमार एवं ऋषिकेश कुमावत ने सामाजिक सरोकार निभाते हुए कक्षा एक से आठ तक के समस्त विद्यार्थियों को निःशुल्क स्टेशनरी वितरित की। प्रधानाचार्य महेंद्र कुमार वर्मा की प्रेरणा से आयोजित इस कार्यक्रम में दलीप कुमार के परिजनों ने बच्चों को उपहार स्वरूप कॉपी, पेंसिल और अन्य आवश्यक शिक्षण सामग्री भेंट की। स्टेशनरी पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे। इस दौरान विद्यालय परिवार की ओर से भामाशाह ऋषिकेश कुमावत का गर्मजोशी से स्वागत किया गया एवं उनकी इस पहल हेतु आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य महेंद्र कुमार वर्मा के साथ निरंजन लाल शर्मा, सुभाष चंद्र, सत्यवीर, मनी देवी, कपिल कुमार, राजवीर नेहरा, परमानंद, सीमा कुमारी, प्रवीण कुमार, निधि, विकास, सुमन, सुभाष चंद्र सैनी, कोमल जोशी, सुरेश, कार्तिक, अजय वर्मा एवं विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# राजकीय नर्सिंग कॉलेज में मनाया अंतरराष्ट्रीय नर्सेज दिवस, स्वास्थ्यकर्मियों ने किया रक्तदान

भीम प्रज्ञा न्यूज.झुंझुनूं।



जिले के सबसे बड़े राजकीय बीडीके अस्पताल परिसर स्थित राजकीय नर्सिंग महाविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय नर्सेज दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला कलेक्टर डॉ. अरुण गर्ग रहे। इस अवसर पर नर्सिंग विद्यार्थियों, चिकित्सकों और स्वास्थ्यकर्मियों ने फ्लोरेंस नाइटिंगेल के सेवा भाव को याद करते हुए मानवता की सेवा का संकल्प लिया।कार्यक्रम से पूर्व बीडीके अस्पताल में मातृत्व दिवस के तहत बेटी को जन्म देने वाली महिलाओं को जिला कलेक्टर द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं बेबी किट भेंट किए गए। इसके बाद जिला कलेक्टर ने एमसीएच विंग के द्वितीय तल पर स्थित राजकीय नर्सिंग महाविद्यालय में नर्सिंग विद्यार्थियों द्वारा बनाई गई फ्लोरेंस नाइटिंगेल की रंगोली का अवलोकन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला कलेक्टर डॉ. अरुण गर्ग ने कहा कि नर्सिंग सेवा जनसेवा का महत्वपूर्ण कार्य है। नर्सिंगकर्मी रोगियों की सेवा में दिन-रात समर्पित रहते हैं। उन्होंने कहा कि सेवा कार्य को नाम और पहचान से ऊपर उठकर मानवता के भाव से करना चाहिए। बढ़ती बीमारियों के दौर में चिकित्सा क्षेत्र में लगातार चुनौतियां बढ़ रही हैं, ऐसे में नर्सिंगकर्मियों की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो जाती है।

पीएमओ एवं वरिष्ठ शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. जितेंद्र भाम्बू ने कहा कि रोगियों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ में नर्सेज की निरंतर मॉनिटरिंग अहम भूमिका निभाती है। अस्पताल परिसर में नर्सिंग महाविद्यालय होने से अध्ययन, अध्यापन और रोगी सेवा तीनों कार्य एक साथ सुचारू रूप से हो पा रहे हैं। नर्सिंग प्राचार्य डॉ. आबिदा खान ने नर्सिंग विद्यार्थियों को मानवता की सेवा की शपथ दिलाई।कार्यक्रम के दौरान उत्कृष्ट अध्ययन करने वाले नर्सिंग विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को पीएमओ एवं वरिष्ठ शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रमोद नारोलिया द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अंजना चौधरी ने किया। इस अवसर पर जीएमसी प्राचार्य डॉ. राकेश साबू, सीएमएचओ डॉ. छोटेलाल गुर्जर, एसडीएम कौशल्या विश्नोई, डॉ. सिद्धार्थ शर्मा, डॉ. विजय झाझड़िया, डॉ. प्रियंका शेखसरिया, सुमन ओला, पूनम भास्कर, पूनम डांगी सहित अनेक अधिकारी, चिकित्सक, नर्सिंगकर्मी एवं विद्यार्थी मौजूद रहें। अंतरराष्ट्रीय नर्सेज दिवस के अवसर पर स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा रक्तदान भी किया गया। ईएनटी विशेषज्ञ डॉ. दुष्यंत बसेरा ने नर्सेज के रोगी सेवा कार्य की सराहना करते हुए रक्तदान को मानव सेवा का श्रेष्ठ माध्यम बताया। जिला कलेक्टर डॉ. अरुण गर्ग ने चिकित्साकर्मियों द्वारा चिकित्सा सेवा के साथ रक्तदान कर जीवनदान देने की भावना को प्रेरणादायी बताया तथा आमजन से ट्रॉमा मरीजों, प्रसूताओं और अन्य जरूरतमंद रोगियों के लिए स्वैच्छिक रक्तदान करने की अपील की।ब्लड बैंक प्रभारी डॉ. राकेश कुमार ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय नर्सेज दिवस पर कुल 21 यूनिट रक्तदान प्राप्त हुआ। यह रक्त ट्रॉमा मरीजों, प्रसूताओं और अन्य जरूरतमंद रोगियों के उपचार में उपयोगी साबित होगा। इस दौरान वरिष्ठ नर्सिंग अधिकारी सुरेश मील, प्यारेलाल, सुभाष, श्यामसुंदर सहित चिकित्सा विभाग के अनेक कर्मचारी उपस्थित रहें।

# शेखावाटी रेल विकास संघर्ष समिति की कार्यकारिणी का विस्तार: चन्द्र प्रकाश धूपिया सलाहकार प्रमुख और फैयाज अहमद खान उपाध्यक्ष मनोनीत

भीम प्रज्ञा न्यूज.झुंझुनूं।







शेखावाटी रेल विकास संघर्ष समिति ने अपने संगठन को मजबूती देने के लिए कार्यकारिणी का विस्तार किया है। समिति के अध्यक्ष प्रदीप अग्रवाल ने बताया कि वरिष्ठ सदस्य चन्द्र प्रकाश धूपिया को सलाहकार मण्डल प्रमुख की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं, कर्मठ कार्यकर्ता फैयाज अहमद खान (नूआं) को उपाध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया है।अग्रवाल के अनुसार, 'झुंझुनूं मांगे रेलवे जंक्शन' जन संघर्ष अभियान के तहत भविष्य में एक बड़ा आंदोलन छेड़ा जा सकता है। इसी के मद्देनजर जिले के विभिन्न कस्बों में संगठन का जाल बिछाया जा रहा है। समिति जल्द ही मंडावा, बिसाऊ, मलसीसर, मण्ड्रेला, पिलानी, चिड़ावा, सिंघाना, सूरजगढ़, बुहाना, खेतड़ी, जसरापुर, चनाना, सुलताना, बगड़, इस्लामपुर, उदयपुरवाटी, गुढ़ा, नवलगढ़ एवं मुकुन्दगढ़ में गैर राजनीतिक व्यक्तियों को नगर मण्डल अध्यक्ष नियुक्त करेगी। प्रत्येक नगर मण्डल में 25-25 सदस्यीय कार्यकारिणी का गठन होगा। संगठन को जमीनी स्तर पर सक्रिय करने के लिए विशेष रणनीति बनाई गई है: शहर में प्रत्येक वार्ड से 50 पुरुष और 50 महिलाओं को समिति से जोड़ा जाएगा। जल्द ही समिति के पृथक महिला मोर्चे का गठन किया जाएगा। आगामी दिनों में 31 सदस्यीय संरक्षक मण्डल के साथ-साथ सांस्कृतिक, सतर्कता एवं जागरुकता प्रकोष्ठ की भी घोषणा की जाएगी।

# जालावास मनेठी में 18 मई को लगेगा बाबा जांट वाले का तृतीय विशाल मेला एवं भंडारा

### कलश यात्रा, हवन-यज्ञ, रागनी प्रतियोगिता और देसी घी के भंडारे का होगा आयोजन

भीम प्रज्ञा न्यूज.नीमराना।

**रमेश चंद ।** मुंडावर तहसील के ग्राम जालावास मनेठी स्थित श्री श्री 1008 श्री बाबा जांट वाले एवं हनुमान जी महाराज मंदिर पर 18 मई 2026, सोमवार को तृतीय विशाल मेला व भंडारे का आयोजन किया जाएगा। मंदिर विकास समिति एवं समस्त ग्रामवासियों की ओर से आयोजित इस धार्मिक आयोजन में मशहूर कलाकारों द्वारा रागनी कम्पीटीशन प्रोग्राम मुख्य आकर्षण रहेगा। कार्यक्रम की शुरुआत 17 मई, रविवार को होगी। प्रातः 6:30 बजे भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी, जिसके बाद 7:30 बजे से रामायण पाठ का आयोजन होगा। 18 मई को मुख्य मेले के दिन प्रातः 7:30 बजे हवन-यज्ञ, 10:00 बजे प्रसादी वितरण और 10:30 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं रागनी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। श्रद्धालुओं के लिए देसी घी का विशाल भंडारा प्रसाद की विशेष व्यवस्था रहेगी। आमंत्रित कलाकारों में संजय पटेल एण्ड पार्टी के संजय पटेल, राजू गोला, कंचन यादव और भावना भाटी अपनी मनोहारी प्रस्तुतियां देंगे। मंदिर विकास समिति ने क्षेत्र के सभी श्रद्धालुओं से सपरिवार पधारकर बाबा के दर्शन, मेले और भंडारे का लाभ उठाने की अपील की है।

# गुवाहाटी दौरे पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से मिला लक्ष्मणगढ़ नागरिक परिषद पूर्वोत्तर का प्रतिनिधिमंडल, सौंपा ज्ञापन

भीम प्रज्ञा न्यूज.लक्ष्मणगढ़।



राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के असम की राजधानी गुवाहाटी पहुंचने पर प्रवासियों द्वारा अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। समारोह की अध्यक्षता राजस्थान फाउंडेशन पूर्वोत्तर के अध्यक्ष रतन शर्मा ने की। कार्यक्रम में विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया और मुख्यमंत्री का स्वागत किया। इस अवसर पर लक्ष्मणगढ़ नागरिक परिषद पूर्वोत्तर के अध्यक्ष विशाल भातरा के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में सीकर जिले के लक्ष्मणगढ़ क्षेत्र स्थित धाभाइयों की ढाणी में उनकी पुश्तैनी जमीन पर कथित रूप से भू-माफियाओं एवं अनैतिक तत्वों द्वारा कागजों में हेरफेर कर अवैध कब्जा किए जाने की शिकायत की गई।प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री से मामले की निष्पक्ष जांच करवाकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मामले को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिया।प्रतिनिधिमंडल में पूर्व अध्यक्ष बिनोद जसरासरिया, सलाहकार एवं प्रदेश भाजपा कोषाध्यक्ष राजकुमार शर्मा, वरिष्ठ संपादक चंद्र प्रकाश शर्मा, युवा पार्षद सौरभ झुनझुनवाला, पत्रकार सम्पत मिश्रा, उपाध्यक्ष आदर्श शर्मा, मंत्री प्रियंक जालान सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने डॉ श्रवण कुमार ढाका को फ्लोरेंस नाइटिंगेल पुरस्कार से किया सम्मानित

### दंतुजला गांव के ग्रामीणों ने जताई प्रसन्नता मिठाई वितरित कर किया खुशी का इजहार

भीम प्रज्ञा न्यूज.लक्ष्मणगढ़।




दन्तुजला गांव निवासी डॉ श्रवण कुमार ढाका को नर्सिंग क्षेत्र में विशेष उपलब्धि व डॉक्टरेट की उपाधि हासिल करने पर भारत की राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू द्वारा राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रीय फ्लोरेंस नाइटिंगेल पुरस्कार से सम्मानित किया। डॉ ढाका को राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित करने के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण ग्रामीणों ने देखा तथा मिठाई वितरित कर खुशी का इजहार कर प्रसन्नता जताई। डॉ ढाका विशेष पुरस्कार से सम्मानित होने पर विद्यालय परिवार व शुभचिंतकों ने मिठाई वितरण कर खुशी मनाई। यह जानकारी देते हुए शिक्षक नेता हरलाल सिंह महरिया ने बताया कि नर्सिंग क्षेत्र में विशेष उपलब्धि हासिल करने वाले केन्द्र सरकार के नीजि व सरकारी अस्पतालों में काम करने वाले नर्सिंग कर्मियों को राष्ट्रपति द्वारा दिया जाने वाला सर्वोच्च पुरस्कार है जो 1973 में भारत सरकार द्वारा प्रारंभ किया था।श्री ढाका वर्तमान में दिल्ली में जिला मुख्य चिकित्सा व स्वास्थ्य अधिकारी जिला नोर्थ ईस्ट में कार्यरत हैं। इस अवसर पर प्रधानाचार्य , उप प्राचार्य बनवारीलाल ढुकिया, सुरेश कस्वां, राजेश बियाणी, सुरेश पचार, संतरा गढ़वाल, रघुवीर महरिया, ताराचंद सुण्डा, कमला ढुकिया, कमला जाखड़, सुमित्रा चौधरी,रामचन्द्र भास्कर, रामलाल ढाका, पूर्व प्रधानाचार्य ओमप्रकाश ढाका, गोपाल सिंह ढाका, डॉ राजेन्द्र महरिया, सुभाष ढाका, शिशपाल भाट सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहें।

# जनगणना-2027 की तैयारी तेज, मंडावर तहसील में प्रगणकों-सुपरवाइजरों को दिया मैदानी प्रशिक्षण

### 16 मई से 14 जून तक घर-घर होगा मकान सूचीकरण कार्य

भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडावर।

**मनोज खंडेलवाल ।** आगामी जनगणना 2027 को लेकर प्रशासनिक तैयारियां अब तेज होती नजर आ रही हैं। मंडावर तहसील परिक्षेत्र में जनगणना 2027 के प्रथम चरण के मकान सूचीकरण कार्य के लिए प्रगणकों व पर्यवेक्षकों के तृतीय बैच का प्रशिक्षण तहसील भवन स्थित सभागार कक्ष में सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण के दौरान जनगणना कार्य से जुड़े तकनीकी, कानूनी और मैदानी पहलुओं की विस्तार से जानकारी दी गई, ताकि फील्ड में किसी प्रकार की त्रुटि नहीं रहे और प्रत्येक परिवार का सही आंकड़ा सरकारी रिकॉर्ड में दर्ज हो सके। प्रशिक्षण में फील्ड ट्रेनर पूरणमल गुप्ता एवं इंद्रेश कुमार पालीवाल, दोनों व्याख्याता राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मंडावर, ने प्रगणकों को जनगणना 2027 की मूल अवधारणा, कानूनी प्रावधान, ले-आउट मैप तैयार करने की प्रक्रिया, जनगणना में प्रयुक्त अवधारणाएं एवं परिभाषाएं, HLO ऐप में अनुसूची भरने की विधि, ऐप इंस्टॉलेशन, स्वगणना प्रक्रिया, उत्तर प्रविष्टि, ऐप उपयोग के दौरान बरती जाने वाली सावधानियां तथा CMMS प्रणाली की जानकारी दी। प्रशिक्षण के दौरान रोल प्ले के माध्यम से मैदानी परिस्थितियों का अभ्यास भी कराया गया, जिससे प्रगणकों को वास्तविक कार्य के दौरान आने वाली चुनौतियों से निपटने का व्यावहारिक अनुभव मिल सके।



प्रशिक्षण सत्र के समापन पर तहसीलदार अक्षयप्रेम चेयरवाल एवं उपखंड अधिकारी अमित कुमार वर्मा ने सभी संभागियों को सेवा भाव प्रतिज्ञा की शपथ दिलाई। अधिकारियों ने कहा कि जनगणना केवल आंकड़ों का संग्रह नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की बुनियादी प्रक्रिया है। गांवों से लेकर शहरों तक विकास योजनाओं की दिशा और सरकारी संसाधनों का निर्धारण इन्हीं आंकड़ों के आधार पर होता है। ऐसे में प्रगणकों की जिम्मेदारी अत्यंत महत्वपूर्ण है और उन्हें निष्पक्ष, पूर्वाग्रह रहित एवं निस्वार्थ भाव से कार्य करना होगा। अधिकारियों ने क्षेत्रवासियों से भी अपील करते हुए कहा कि अधिक से अधिक लोग स्वगणना प्रक्रिया से जुड़ें, ताकि सटीक और पारदर्शी डेटा तैयार हो सके। वहीं ᳚ सुशील कछावा ने बताया कि मंडावर तहसील क्षेत्र में आयोजित तीन बैचों के प्रशिक्षण में कुल 91 प्रगणकों एवं 14 सुपरवाइजरों ने भाग लिया। यह सभी कार्मिक 16 मई 2026 से 14 जून 2026 तक फील्ड में रहकर मकान सूचीकरण का कार्य संपादित करेंगे।

# अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ लक्षमनगढ का विरोध प्रदर्शन 14 को

भीम प्रज्ञा न्यूज.लक्ष्मणगढ़।

अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ( स्कूल शिक्षा) द्वारा राज्य स्तर पर लिए गए निर्णयों के अनुसरण में खंड लक्ष्मणगढ़ के अध्यक्ष ओमप्रकाश भास्कर की अध्यक्षता में राजस्थान शिक्षा विभाग के अधिकारियों की मनमानी शिक्षा विरोधी नीतियों के विरुद्ध तथा शिक्षक एवं शिक्षा विभाग की विभिन्न उचित मांगों, जैसे तृतीय श्रेणी, द्वितीय श्रेणी सहित समस्त कर्मचारियों के समयबद्ध स्थानान्तरण,समस्त श्रेणियों के समय पर पदोन्नति, पदोन्नत संवर्गों की काउंसलिंग, पदस्थापन,शिक्षकों को शिक्षा से इतर कार्यों से छुटकारा, वेतन विसंगति 2006के शिक्षक एवं प्रबोधक वेतन विसंगति सहित एवं ग्रीष्मावकाश की वृद्धि जैसी अनेकों उचित मांगों को लेकर अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ (स्कूल शिक्षा) खंड लक्ष्मणगढ़ द्वारा 14मई को दोपहर 1.30 बजे विरोध प्रदर्शन करते हुए उपखंड अधिकारी लक्ष्मणगढ़ को ज्ञापन दिया जायेगा। संगठन पदाधिकारी रणवीर सिंह गढ़वाल ने सभी संवर्गों प्रधानाचार्य, उपप्रधानाचार्य, व्यख्याता, तृतीय श्रेणी शिक्षक, द्वितीय श्रेणी शिक्षक प्रबोधक, एवं मंत्रालयिक कर्मचारियों से प्रदर्शन को सफल की अपील की है।

भादरा घटना को लेकर उदयपुरवाटी विप्र समाज में रोष

# किशोर से मारपीट के विरोध में प्रदर्शन, दोषियों की गिरफ्तारी की उठाई मांग



**भीम प्रज्ञा न्यूज.उदयपुरवाटी**

**सुमेर मीणा** । हनुमानगढ़ जिले के भादरा कस्बे में एक किशोर के साथ हुई मारपीट की घटना के विरोध में मंगलवार को उदयपुरवाटी में विप्र समाज के लोगों ने प्रदर्शन कर आक्रोश जताया। समाज के प्रतिनिधियों ने उपखंड कार्यालय पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा और पीड़ित को न्याय दिलाने की मांग की। ज्ञापन में बताया गया कि भादरा के मलसीसर बस स्टैंड पर बस किराए को लेकर हुए विवाद में 16 वर्षीय रजत शर्मा के साथ बेरहमी से मारपीट की गई। घटना के बाद से किशोर अस्पताल में भर्ती है, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है।विप्र समाज ने प्रशासन से आरोपियों को जल्द गिरफ्तार करने और मामले में लापरवाही बरतने वाले संबंधित कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की। साथ ही पीड़ित के इलाज का पूरा खर्च सरकार द्वारा उठाने, परिवार को आर्थिक सहायता देने तथा सुरक्षा उपलब्ध कराने की भी मांग रखी गई। समाज के लोगों ने कहा कि ऐसी घटनाएं सामाजिक माहौल को खराब करती हैं, इसलिए दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई जरूरी है ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। इस दौरान विप्र समाज अध्यक्ष गौतम मारवाल, परमानंद, हरि प्रसाद शर्मा, रामरतन शर्मा, कमलेश दाधीच, रवि दाधीच, श्रवण मारवाल, संजीव शर्मा, रमाकांत महाराज सहित कई लोग मौजूद रहें।

# जाट बहरोड़ के श्री नवनाथ मंदिर में श्रीमद्भागवत कथा संपन्न, भंडारे व रागनी प्रतियोगिता में उमड़े श्रद्धालु

## महाराज फूलनाथ की प्रेरणा से असामाजिक तत्वों के अड्डे से बना आस्था का केंद्र


**भीम प्रज्ञा न्यूज.नीमराना।**

**रमेश चन्द** । क्षेत्र के प्रसिद्ध नवनाथ मंदिर, जाट बहरोड़ में आयोजित पांच दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का सोमवार को धार्मिक एवं श्रद्धामय वातावरण में समापन हुआ। कथा सम्पन्न होने के उपरांत मंगलवार को विशाल भंडारे तथा रागनी प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भंडारे में आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की और रागनी प्रतियोगिता का भरपूर आनंद लिया। इस धार्मिक आयोजन में फ़ौलादपुर, सानोली, ईश्वरसिंहपुरा, जालावास, मोलावास, नीमराणा, काली पहाड़ी, भुनगड़ा अहीर,



करनीकोट, मुंडनवाड़ा कलां एवं मुंडनवाड़ा खुर्द सहित समस्त ग्रामवासियों का विशेष सहयोग रहा। मंदिर से जुड़े श्रद्धालुओं ने बताया कि महाराज फूलनाथ के सानिध्य एवं प्रेरणा से इस मंदिर का निर्माण किया गया। इस मंदिर ने क्षेत्र के लोगों को भाईचारे और सामाजिक एकता के सूत्र में बांधने का कार्य किया है। ग्रामीणों के अनुसार एक समय में यह स्थान असामाजिक तत्वों का अड्डा माना जाता था, लेकिन आज यह क्षेत्र श्रद्धा, आस्था और धार्मिक गतिविधियों का प्रमुख केंद्र बन चुका है। पांच दिवसीय कथा के दौरान मंदिर परिसर में दिन-रात भजन-कीर्तन और धार्मिक आयोजनों की धूम रही। श्रद्धालुओं ने महाराज फूलनाथ के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन से पूरे क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव आया है।

# तिजारा-पालपुर रोड पर कुएं में मिली नवजात बच्ची, युवक ने जान पर खेलकर बचाई जान



**भीम प्रज्ञा न्यूज.नीमराना।**

**रमेश चंद** । तिजारा-पालपुर रोड पर मंगलवार को दिल दहला देने वाली घटना सामने आई। यहां एक कुएं में नवजात बच्ची जिंदा फेंकी हुई मिली। बच्ची के रोने की आवाज सुनकर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए मासूम की जान बचा ली। प्राप्त जानकारी के अनुसार, पालपुर रोड स्थित एक कुएं से बच्ची के रोने की आवाज आ रही थी। आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण तुरंत कुएं के पास पहुंचे। हालात की गंभीरता को देखते हुए एक युवक ने अपनी जान जोखिम में डालकर रस्सी के सहारे कुएं में उतरने का साहस दिखाया। युवक ने सूझबूझ से नवजात को सुरक्षित बाहर निकाल लिया।

कुएं से बाहर निकाले जाने के बाद बच्ची को तुरंत प्राथमिक उपचार दिया गया। सूचना मिलते ही पुलिस और स्वास्थ्य विभाग की टीम भी मौके पर पहुंच गई। नवजात को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है। घटना के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। ग्रामीणों ने इस अमानवीय कृत्य की कड़ी निंदा की है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है और बच्ची को कुएं में फेंकने वाले अज्ञात लोगों की तलाश की जा रही है। स्थानीय लोगों ने बच्ची की जान बचाने वाले युवक के साहस की जमकर सराहना की है। प्रशासन ने भी युवक के जज्बे को सलाम किया है।

# महवा के अमोलक नगर में डकैती की साजिश नाकाम, हरियाणा का शूटर पिस्टल समेत दबोचा

## बारात से लौटे परिवार की सतर्कता से खुला अन्तरराज्यीय गैंग का राज,पुलिस ने मास्टरमाइंड सहित दो आरोपियों को दबोचा

**भीम प्रज्ञा न्यूज.महवा।**

**मनोज खंडेलवाल** । अमोलक नगर पाली में डकैती की बड़ी वारदात को अंजाम देने पहुंचे अन्तरराज्यीय गैंग का महवा पुलिस ने पर्दाफाश करते हुए हरियाणा के शूटर को अवैध देशी पिस्टल और जिंदा कारतूस सहित गिरफ्तार कर लिया, जबकि वारदात की पूरी साजिश रचने वाले मास्टरमाइंड को भी बापर्दा गिरफ्तार कर लिया गया। देर रात बारात से लौटे परिवार की सतर्कता और ग्रामीणों की सजगता से गैंग की योजना मौके पर ही ध्वस्त हो गई। मामले में पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज, भौतिक साक्ष्यों और मुखबिर तंत्र के आधार पर कार्रवाई करते हुए सनसनीखेज खुलासा किया है। महवा सीओ मनोहरलाल मीना आरपीएस के सुपरविजन तथा थानाधिकारी सचिन शर्मा के नेतृत्व में गठित विशेष टीम ने पुलिस थाना महवा में दर्ज अभियोग संख्या 217/2026 में कार्रवाई करते हुए हरियाणा निवासी शूटर रविन्द्र उर्फ सोनू तथा साजिशकर्ता अत्येन्द्र सिंह को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार गिरोह ने अमोलक नगर पाली क्षेत्र में पहले से रैकी कर रखी थी और योजनाबद्ध तरीके से वारदात को अंजाम देने के लिए बाहरी शूटर बुलाए गए थे। घटना 9 मई की रात करीब 1 बजकर 10 मिनट की बताई गई है। परिवादी पुखराज शर्मा अपने परिवार के साथ जयपुर से बारात कर लौटे तो उन्होंने अपने ताऊ दुर्गालाल के घर के भीतर दो संदिग्ध युवकों को घुसा देखा। टोका तो दोनों बदमाश पाटोर के रास्ते गली में कूद गए और परिवादी को पकड़ लिया। एक बदमाश ने पिस्टल तान दी, जबकि दूसरे ने कट्टे की बैरल से हाथ पर वार कर दिया। शोर मचाने पर ग्रामीण एकत्र हो गए और एक आरोपी को मौके पर दबोच लिया, जबकि अन्य बदमाश दो मोटरसाइकिलों पर सवार होकर फरार हो गए। मौके से ग्लव्स और अन्य साक्ष्य भी मिले।

पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए अलग-अलग टीमें गठित कीं। करीब 50 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई तथा आसपास के सैकड़ों लोगों से पूछताछ की गई। तकनीकी साक्ष्यों और आसूचना के आधार पर पुलिस ने खुलासा करते हुए हरियाणा के रेवाड़ी जिले के लिसाना निवासी रविन्द्र उर्फ सोनू को अवैध देशी पिस्टल और एक जिंदा कारतूस सहित गिरफ्तार किया। वहीं बहड़खो निवासी अत्येन्द्र सिंह को गैंग का मास्टरमाइंड बताते हुए बापर्दा गिरफ्तार किया गया। पुलिस जांच में सामने आया कि अत्येन्द्र ने ही क्षेत्र की रैकी कर गैंग को बुलाया था। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी रविन्द्र उर्फ सोनू के खिलाफ हरियाणा के मॉडल टाउन रेवाड़ी थाने में चोरी और अन्य धाराओं में दो मामले दर्ज हैं, जबकि अत्येन्द्र सिंह के खिलाफ महवा थाने में पूर्व से आपराधिक प्रकरण दर्ज होना सामने आया है। मामले में पुलिस अन्य फरार आरोपियों की तलाश में लगातार दबिश दे रही है।

# शाहजहांपुर बालिका विद्यालय में नशा मुक्ति पर विधिक जागरूकता शिविर



**भीम प्रज्ञा न्यूज.नीमराना।**

**रमेश चन्द** । शाहजहांपुर मे नशीली दवाओं के बढ़ते दुरुपयोग एवं अवैध तस्करी पर रोक लगाने के उद्देश्य से मंगलवार को कस्बे के राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर 'नशीली दवाओं के दुरुपयोग के पीड़ितों और नशीली दवाओं के खतरे के उन्मूलन के लिए कानूनी सेवाएं योजना, 2015' के तहत आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पैरालीगल वॉलंटियर सुनील कुमार ने छात्राओं को नशीले पदार्थों के सेवन से होने वाले शारीरिक, मानसिक और सामाजिक दुष्प्रभावों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि युवाओं को नशे से दूर रखना समाज और राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य के लिए आवश्यक है। साथ ही नशीली दवाओं की तस्करी से जुड़े कानूनी प्रावधानों और दंडात्मक कार्रवाई के बारे में भी बताया। सुनील कुमार ने कहा कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (NALSA) तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा समय-समय पर ऐसे कार्यक्रम आयोजित कर आमजन को नशा मुक्त समाज के निर्माण के लिए प्रेरित किया जाता है। शिविर में छात्राओं को नशा मुक्ति, आत्म-सुरक्षा, स्वास्थ्य जागरूकता और कानूनी सहायता संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। इस अवसर पर व्याख्याता हंसा, एकता मीणा, संगीता, पूजा, सुनीता और कांता सहित विद्यालय स्टाफ मौजूद रहा। छात्राओं में कुमकुम, मीनू, प्रतीक्षा, शोभा, रानी, महक, रिया सहित बड़ी संख्या में छात्राओं ने भाग लिया। शिविर के अंत में सभी छात्राओं को नशे से दूर रहने तथा अपने परिवार और समाज को भी इसके प्रति जागरूक करने का संकल्प दिलाया गया।

# सिंघाना बाईपास पर खेत की बाड़ में लगी आग, ग्रामीणों ने निजी टैंकरों से पाया काबू



**भीम प्रज्ञा न्यूज.सिंघाना।**

सिंघाना बाईपास स्थित एक खेत की बाड़ में अचानक आग लग गई। बताया जा रहा है कि पास में लगे ट्रांसफार्मर से निकली चिंगारी के कारण खेत की सूखी बाड़ ने आग पकड़ ली, जिससे देखते ही देखते आग फैल गई। आग लगने की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और कड़ी मशक्कत करते हुए निजी पानी के टैंकरों की मदद से आग पर काबू पाया। आगजनी की घटना में खेत के आसपास लगे कई पेड़-पौधे जलकर राख हो गए। ग्रामीणों का कहना है कि घटना की सूचना दमकल विभाग को दी गई, लेकिन काफी देर तक कोई दमकल वाहन मौके पर नहीं पहुंचा। लोगों ने बताया कि यदि समय रहते आग पर नियंत्रण नहीं पाया जाता तो आग मिस्त्री मार्केट की ओर बढ़ सकती थी, जिससे बड़ा नुकसान होने की आशंका थी। घटना के बाद ग्रामीणों में नगर पालिका प्रशासन के प्रति नाराजगी देखने को मिली। लोगों ने कहा कि सिंघाना नगर पालिका क्षेत्र होने के बावजूद यहां दमकल सुविधा उपलब्ध नहीं है, जिसके चलते हर बार आगजनी की घटनाओं में लोगों को खुद ही संसाधनों के सहारे आग बुझानी पड़ती है। ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द स्थायी दमकल सुविधा उपलब्ध कराने की मांग की है।

# कैम्ब्रिज नर्सिंग इंस्टीट्यूट सिंघाना में अंतरराष्ट्रीय नर्सेज दिवस मनाया गया



**भीम प्रज्ञा न्यूज.सिंघाना।**

कैम्ब्रिज नर्सिंग इंस्टीट्यूट सिंघाना में बुधवार को अंतरराष्ट्रीय नर्सेज दिवस 2026 उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम निदेशक रहीश यादव की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। इस अवसर पर नर्सिंग विद्यार्थियों ने सेवा, समर्पण और मानवता के भाव के साथ कार्य करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में प्रिंसिपल संगीता यादव ने बताया कि नर्सिंग विद्यार्थियों के लिए शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। उन्होंने कहा कि नर्सिंग केवल एक पेशा नहीं, बल्कि मानव सेवा का श्रेष्ठ माध्यम है। नर्सिंगकर्मी रोगियों की देखभाल में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और चिकित्सा सेवा की मजबूत कड़ी माने जाते हैं। चेयरमैन हरिकृष्ण यादव ने कहा कि नर्सेज समाज में सेवा और त्याग का प्रतीक हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे फ्लोरेंस नाइटिंगेल के आदर्शों को अपनाते हुए निष्ठा, अनुशासन और संवेदनशीलता के साथ रोगियों की सेवा करें। उन्होंने कहा कि नर्सिंग क्षेत्र में करियर बनाने वाले विद्यार्थी भविष्य में समाज और राष्ट्र की सेवा में अहम योगदान देंगे। निदेशक रहीश यादव ने विद्यार्थियों को नर्सेज दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में नर्सिंगकर्मियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। रोगियों को समय पर देखभाल, सहानुभूति और सेवा प्रदान करना नर्सिंग पेशे की पहचान है।कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने नर्सिंग सेवा की शपथ ली और मानवता की सेवा के लिए सदैव तत्पर रहने का संकल्प व्यक्त किया। इस अवसर पर संस्थान के शिक्षकगण, स्टाफ सदस्य एवं नर्सिंग विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# वर्षों से बंद पड़ा रास्ता खुला, फुसकानी के ग्रामीणों को मिली बड़ी राहत

## राजस्व टीम ने मौके पर पहुंचकर करवाया रास्ते का पुनः संचालन



**भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडावा।**

### वर्षों से केवल पगडंडी तक सीमित था सरकारी रास्ता ग्रामीणों ने प्रशासनिक कार्रवाई पर जताया

**पवन कुमार शर्मा** । मंडावा तहसील प्रशासन की सक्रिय पहल से ग्राम फुसकानी में वर्षों से बंद पड़ा राजस्व रिकॉर्ड का रास्ता आखिरकार खुलवा दिया गया।तहसीलदार डॉ. सुरेन्द्र भास्कर के निर्देशों की पालना में राजस्व विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर खसरा नंबर 743/108 एवं 741/107 दर्ज गैर मुमकिन रास्ते को पुनः सुचारू रूप से चालू करवाया। जानकारी के अनुसार उक्त रास्ता पिछले कई वर्षों से अवरुद्ध था और केवल लगभग चार फीट चौड़ी पगडंडी के रूप में ही उपयोग में लिया जा रहा था। इससे ग्रामीणों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। तहसील प्रशासन द्वारा मामले को गंभीरता से लेते हुए आवश्यक कार्रवाई की गई तथा राजस्व टीम ने मौके पर पहुंचकर रास्ते को खुलवाया। कार्रवाई के दौरान भू-अभिलेख निरीक्षक चतरपूरा मंजू ढाका, पटवारी सुल्ताना बेगम, पटवारी एकता देवी एवं विजय कुमार काला सहित राजस्व विभाग के अन्य कार्मिक उपस्थित रहे। टीम ने सीमांकन एवं राजस्व रिकॉर्ड के आधार पर रास्ते को पुनः बहाल करवाते हुए आमजन के लिए सुगम आवागमन सुनिश्चित किया। रास्ता खुलने के बाद ग्राम फुसकानी के ग्रामीणों में खुशी का माहौल देखने को मिला। ग्रामीणों ने तहसीलदार डॉ. सुरेन्द्र भास्कर एवं राजस्व टीम का आभार व्यक्त करते हुए प्रशासन की इस पहल को जनहित में महत्वपूर्ण कदम बताया।

# मण्डावा में दो दिवसीय आयोजित संस्था प्रधान स्तरीय वाकपीठ सम्पन्न

**नई कार्यकारिणी का गठन, प्राचार्य जवाहर लाल काला बने अध्यक्ष, सेवानिवृत्त होने वाले संस्था प्रधानों का किया सम्मान**

**शिक्षण समन्वय मजबूत करने का लिया संकल्प,परीक्षा परिणाम सुधार, नवाचार और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर हुई चर्चा**



**भीम प्रज्ञा न्यूज .मंडावा।**

**पवन कुमार शर्मा** । उपखंड मंडावा के ब्लॉक मंडावा में शिक्षा सत्र 2026-27 के अंतर्गत संस्था प्रधान स्तरीय दो दिवसीय वाकपीठ का आयोजन 11 एवं 12 मई को सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में ब्लॉक क्षेत्र के संस्था प्रधानों, शिक्षकों एवं शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने भाग लेकर शिक्षा की गुणवत्ता, विद्यालय प्रबंधन और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श किया। कार्यक्रम में सीबीईओ पवन कुमार तथा जिला साक्षरता अधिकारी योगेन्द्र सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने शिक्षा क्षेत्र में नवाचार, प्रभावी कार्यशैली, गुणवत्तापूर्ण शिक्षण एवं विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने पर जोर दिया। अधिकारियों ने संस्था प्रधानों को नई शैक्षिक गतिविधियों को अपनाने और बेहतर परीक्षा परिणाम के लिए सामूहिक प्रयास करने की प्रेरणा दी। वाकपीठ के दौरान शैक्षिक गुणवत्ता संवर्धन, परीक्षा परिणाम सुधार, विद्यालय संचालन एवं विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यक्रम में अतिथियों एवं संस्था प्रधानों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। साथ ही इस वर्ष सेवानिवृत्त होने वाले संस्था प्रधानों एवं नई कार्यकारिणी के सदस्यों का शॉल, श्रीफल और गीता दर्पण पुस्तक भेंट कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम के दौरान ग्यारह सदस्यीय नई कार्यकारिणी का गठन भी किया गया। इसमें प्राचार्य जवाहर लाल काला हनुमानपुरा को अध्यक्ष, राजेंद्र सिंह कमालसर को सचिव, प्राचार्य मुकेश कुमार महनसर को कोषाध्यक्ष सहित प्राचार्या श्रीमती राकेश, प्रधानाध्यापक विजय सिहाग, प्रधानाध्यापक संदीप चाहर एवं प्रधानाध्यापिका प्रमिला को विभिन्न जिम्मेदारियां सौंपी गईं। द्वितीय दिवस के दूसरे सत्र में विभिन्न विषय विशेषज्ञों ने विभागीय योजनाओं एवं शैक्षिक गतिविधियों पर जानकारी दी। प्रधानाचार्य एजाज नबी ने अनुपयोगी सामान नीलामी कार्य, निविदा एंड जीएफ एंड आर से संबंधित विषयों पर विस्तृत जानकारी दी। टाई के प्रधानाचार्य हरि सिंह ने इंस्पायर अवार्ड एवं विभिन्न छात्रवृत्ति योजनाओं पर प्रकाश डाला। राजेंद्र सिंह ने परीक्षा परिणाम उन्नयन पर अपने विचार रखे। वहीं प्रधानाचार्य जयराम ने समसा ग्रांट, एसएनए भुगतान एवं जन आधार प्रमाणीकरण प्रक्रिया की जानकारी दी। प्रधानाचार्य अंजना चौधरी ने स्कूली शैक्षिक गतिविधियों, यूथ एंड इको क्लब तथा मिड डे मील योजना पर विस्तार से जानकारी साझा की। प्रधानाचार्य सुशील कुमार ने सीसीए नियम एवं प्रारंभिक जांच प्रक्रिया पर मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम के दौरान सीबीईओ पवन कुमार, आरपी उत्तम दादी, आरपी लोकेश कुमार एवं सीबीईओ कार्यालय मण्डावा के अधिकारियों ने विभागीय गतिविधियों पर खुली चर्चा कर संस्था प्रधानों की जिज्ञासाओं का समाधान किया। दो दिवसीय आयोजन का समापन शिक्षा क्षेत्र में बेहतर समन्वय, नवाचार एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षण के संकल्प के साथ हुआ। कार्यक्रम का संचालन प्राचार्य संजीव कुमार भीमसर ने किया। कार्यक्रम में फुसखानी के प्रधानाचार्य रणजीत सिंह, कुहाड़ू के प्रधानाचार्य गोवर्धन, शेशू प्रधानाचार्य जय राम, भोजासर की प्रधानाचार्या सुशीला धायल, अजीतगढ़ की सुमिता, डीआरडी मंडावा की प्रधानाचार्य संगीता नायक तथा भारू के प्रधानाचार्य राकेश कुमार ढाका सहित अनेक संस्था प्रधान उपस्थित रहें।

**कार्यालय- पीएम श्री राजकला राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, चिड़ावा**

क्रमांक :- 1577 दिनांक 10.05.2026

**नीलामी सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमान मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी (समग्र शिक्षा) चिड़ावा के आदेश क्रमांक 158 दिनांक 02.05.2026 की अनुपालना में दिनांक 26/05/2026 को प्रातः 11.00 बजे विद्यालय परिसर में विद्यालय की आइसीटी लैब के नाकारा/अक्रियाशील उपकरणों की सार्वजनिक नीलामी जिसका पुस्तक क्रय मूल्य 286950 रू. ( दो लाख छियासी हजार नौ सौ पचास रूपये) है, इस हेतु गठित कमेटी द्वारा की जायेगी। जिसमें इच्छुक ई-वेस्ट निस्तारण रजिस्ट्रड एवं जीएसटी धारक व्यक्ति/फर्म नियमानुसार अमानत राशि जमा करवाकर बोली में भाग ले सकते हैं। नीलामी की शेष शर्ते कार्यालय समय में विद्यालय में देखी जा सकती हैं।

**प्रधानाचार्य**
**पीएम श्री राजकला राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, चिड़ावा**

# दौसा कलेक्ट्रेट के पास दर्दनाक सड़क हादसा, तीये की बैठक से लौट रहें ग्रामीणों से भरा जुगाड़ ट्रक से भिड़ा

## प्रशिक्षण शिविर छोड़ जिला अस्पताल पहुंचे विधायक राजेंद्र मीणा, घायलों के बेहतर इलाज के दिए सख्त निर्देश

**भीम प्रज्ञा न्यूज.दौसा।**

**मनोज खंडेलवाल ।** जिले में मंगलवार को दौसा कलेक्ट्रेट के समीप उस समय दर्दनाक हादसा हो गया, जब तीये की बैठक में शामिल होकर लौट रहे ग्रामीणों से भरा किसान बुग्गा (जुगाड़) एक तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आ गया। हादसा इतना भीषण था कि मौके पर चीख-पुकार मच गई और एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि कई लोग घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। जानकारी के अनुसार करीरी (टोडाभीम) गांव के लोग बस्सी क्षेत्र में आयोजित तीये की बैठक में शामिल होकर किसान बुग्गे में सवार होकर वापस अपने गांव लौट रहे थे। इसी दौरान दौसा कलेक्ट्रेट के पास अचानक एक ट्रक और किसान बुग्गे के बीच जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में कई लोग घायल हो गए, जिनमें एक व्यक्ति की हालत गंभीर बताई गई। स्थानीय लोगों और प्रशासन की मदद से घायलों को



तत्काल जिला अस्पताल दौसा पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने एक व्यक्ति को मृत घोषित कर दिया। उधर हादसे की सूचना मिलते ही महवा विधायक राजेन्द्र मीना डीडवाना-लालसोट में चल रहे भाजपा प्रशिक्षण शिविर को बीच में ही छोड़कर सीधे जिला अस्पताल दौसा पहुंचे। विधायक ने अस्पताल में भर्ती घायलों की कुशलक्षेम पूछी और मौजूद चिकित्सा अधिकारियों एवं चिकित्सकों से उपचार की विस्तृत जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने गंभीर घायलों को त्वरित और बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश देते हुए उपचार व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतने की चेतावनी भी दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल एक व्यक्ति को बेहतर उपचार के लिए जयपुर रैफर किया गया है, जबकि अन्य घायलों का उपचार जिला अस्पताल में जारी है। विधायक राजेंद्र मीणा ने चिकित्सा अधिकारियों को सभी घायलों की लगातार मॉनिटरिंग करने तथा जरूरत पड़ने पर तत्काल उच्च चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। वहीं उन्होंने हादसे में मृत व्यक्ति की दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शोक संतप्त परिवार के प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त कीं।

# जालावास मनेठी में 18 मई को लगेगा बाबा जांट वाले का तृतीय विशाल मेला एवं भंडारा

### कलश यात्रा, हवन-यज्ञ, रागनी प्रतियोगिता और देसी घी के भंडारे का होगा आयोजन

**भीम प्रज्ञा न्यूज.नीमराना।**

**रमेश चंद ।** मुंडावर तहसील के ग्राम जालावास मनेठी स्थित श्री श्री 1008 श्री बाबा जांट वाले एवं हनुमान जी महाराज मंदिर पर 18 मई 2026, सोमवार को तृतीय विशाल मेला व भंडारे का आयोजन किया जाएगा। मंदिर विकास समिति एवं समस्त ग्रामवासियों की ओर से आयोजित इस धार्मिक आयोजन में मशहूर कलाकारों द्वारा रागनी कम्पीटीशन प्रोग्राम मुख्य आकर्षण रहेगा। कार्यक्रम की शुरुआत 17 मई, रविवार को होगी। प्रातः 6:30 बजे भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी, जिसके बाद 7:30 बजे से रामायण पाठ का आयोजन होगा। 18 मई को मुख्य मेले के दिन प्रातः 7:30 बजे हवन-यज्ञ, 10:00 बजे प्रसादी वितरण और 10:30 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं रागनी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। श्रद्धालुओं के लिए देसी घी का विशाल भंडारा प्रसाद की विशेष व्यवस्था रहेगी। आमंत्रित कलाकारों में संजय पटेल एण्ड पार्टी के संजय पटेल, राजू गोला, कंचन यादव और भावना भाटी अपनी मनोहारी प्रस्तुतियां देंगे। मंदिर विकास समिति ने क्षेत्र के सभी श्रद्धालुओं से सपरिवार पधारकर बाबा के दर्शन, मेले और भंडारे का लाभ उठाने की अपील की है।

# हरियाणा की भाजपा सरकार ने युवाओं का रोजगार छिना है- राष्ट्रीय कोर्डीनेटर सुरेन्द्र कुमार सैनी

**भीम प्रज्ञा न्यूज.हिसार/फतेहाबाद।**

**रजत विजय रंगा ।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के राष्ट्रीय कॉर्डिनेटर सुरेंद्र कुमार सैनी ने आज जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि नीट परीक्षा और एचपीएससी की असिस्टेंट प्रोफेसर की एक भर्ती का रद्द होना हरियाणा व देश के युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ है और यह भाजपा सरकार की पूरी तरह नाकामी दर्शाता है। सैनी ने कहा कि देशभर के लाखों विद्यार्थी सालों मेहनत, समय और पैसा लगाकर नीट जैसी परीक्षाओं की तैयारी करते हैं। अपने शौक छोड़कर किताबों में लगते हैं, लेकिन परीक्षा माफिया उनकी मेहनत पर पानी फेर देता है। सरकार साल दर साल इसे रोकने में नाकाम रही है। उन्होंने सवाल उठाया कि मजबूती का दावा करने वाली भाजपा सरकार क्या परीक्षा माफिया के सामने मजबूर है, या सरकार के लोग ही माफिया के साथ हैं? उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी रोजगार देने की बात करते थे, पर अब प्रवेश परीक्षाओं में भी माफिया का राज है। पूरी व्यवस्था चंद चहेती एजेंसियों को सौंप दी गई है और जवाबदेही के समय किसी पर कार्रवाई नहीं होती। एचपीएससी भर्ती पर बोलते हुए श्री सैनी ने कहा कि आज ही उच्च न्यायालय ने 35' क्राइटेरिया पर हुई असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती रद्द कर दी है। यह क्राइटेरिया शुरू से ही हरियाणा के युवाओं को रोजगार से वंचित करने के लिए बनाया गया था। इसी आधार पर बाकी भर्तियां भी रद्द हो सकती हैं। लाखों युवा इसके खिलाफ धरने पर बैठने को मजबूर हैं।

उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री नायब सैनी दूसरे प्रदेशों के चुनाव में व्यस्त हैं और हरियाणा के शिक्षित युवाओं से मिलने का समय उनके पास नहीं है। भाजपा ने साजिश के तहत एचपीएससी का चेयरमैन भी बाहरी प्रदेश से बनाया है जो कहता है कि हरियाणा के बच्चे लायक नहीं हैं। यह हरियाणा की शिक्षा व्यवस्था और युवाओं की काबिलियत पर सवाल है।श्री सैनी ने कहा कि भाजपा सरकार ने हरियाणा डोमिसाइल की अवधि 10 साल से घटाकर 5 साल कर दी है। एनसीआर क्षेत्र होने के कारण प्रवासी लोगों की संख्या बढ़ी है। ऐसे में 5 साल में



डोमिसाइल देना हरियाणा के एस डीएससी पिछड़े और ईडब्लूएस वर्ग के युवाओं के रोजगार के लिए घातक है। हरियाणा में पहला हक हरियाणा वासियों का है।उन्होंने कहा कि पिछले कुछ सालों में प्रथम और द्वितीय श्रेणी की नौकरियों में दूसरे प्रदेश के लोगों को वरीयता दी जा रही है, जबकि हरियाणा वासियों को तृतीय और चतुर्थ श्रेणी तक सीमित किया जा रहा है। भर्तियां निकालकर शोर मचाया जाता है, फिर पद खाली छोड़ दिए जाते हैं या बाहरी लोगों को भर लिया जाता है। सैनी ने कहा कि भाजपा हरियाणा के युवाओं से रोजगार छीन रही है। मुख्यमंत्री नायब सैनी को हरियाणा के लोगों ने चुना है, दूसरे प्रदेश के लोगों ने नहीं। भाजपा की हरियाणा विरोधी सोच बेनकाब हो चुकी है। अगर सरकार अब भी अपनी गलत नीतियों से बाज नहीं आई तो जनता आने वाले समय में सबक सिखाएगी।

# अपना घर सेवा समिति ने शुरू किया अन्नदान महादान अभियान, 18 मई को प्रभुजनों के लिए भेजी जाएगी गेहूं से भरी पिकअप

### 'भूखे के पेट में अन्न, सबसे बड़ा पूज्य कर्म' — मण्डावर से भरतपुर आश्रम के लिए उठी सेवा की मिसाल।

**भीम प्रज्ञा न्यूज.मण्डावर।**

**मनोज खंडेलवाल ।** 'जिस घर से भूखे को रोटी मिल जाए, वही घर सच मायनों में मंदिर कहलाता है।' इसी सेवा भाव और मानवता की मिसाल को आगे बढ़ाते हुए अपना घर सेवा समिति मण्डावर ने अन्नदान महादान अभियान की शुरुआत कर क्षेत्र में परोपकार और सामाजिक सरोकार का प्रेरणादायी संदेश दिया है। गांव-कस्बों की मिट्टी में रची-बसी सेवा संस्कृति को जीवंत करते हुए समिति ने आगामी 18 मई को अपना घर आश्रम भरतपुर में निवासरत प्रभुजनों के लिए गेहूं से भरी एक पिकअप भेजने का निर्णय लिया है। समिति की जनरल मीटिंग 7 मई को आयोजित हुई, जिसमें सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया। बैठक में मौजूद पदाधिकारियों ने कहा कि अन्नदान केवल दान नहीं बल्कि मानवता के प्रति सबसे बड़ा धर्म है। भूखे को भोजन कराना ऐसा पुण्य है, जो सीधे इंसानियत की आत्मा को तृप्त करता है। 'दौलत से नहीं, दिल से बड़े होते हैं लोग' की कहावत को चरितार्थ करते हुए समिति ने क्षेत्रवासियों से इस सेवा यज्ञ में अधिकाधिक भागीदारी निभाने की अपील की है। समिति पदाधिकारियों ने बताया कि गेहूं के प्रति कट्टे का सहयोग शुल्क 1300 रुपए निर्धारित किया गया है। इसके अतिरिक्त श्रद्धालु अपनी आस्था और सामर्थ्य अनुसार चाय, चीनी, चावल, तेल, मसाले सहित अन्य राशन सामग्री का सहयोग भी कर सकते हैं। ग्रामीण अंचल में यह अभियान अब जनसहभागिता का रूप लेता दिखाई दे रहा है, जहां लोग 'नेकी कर दरिया में डाल' की भावना के साथ खुलकर सहयोग कर रहे हैं।

अन्नदान अभियान में अब तक अनेक समाजसेवियों, व्यापारियों एवं धर्मप्रेमियों ने बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाई है। प्रमुख सहयोगकर्ताओं में मोहनलाल तिवाडी, नरेंद्र कुमार बंसल, महेश गुप्ता, राजेंद्र गुप्ता, अशोक गर्ग, राजेश मंगल, गिर्राज सोनी, बनवारीलाल गोयल, मुकेश सीआरआई वाले, पप्पूराम मीणा, राजेश फागना, अनिल बडाया, सुरेश गर्ग, मोनू ऑटो पार्ट्स, डॉ. पवन खंडेलवाल, राकेश सेठी, मुकेश पंसारी, विपुल झालानी, सत्यनारायण खंडेलवाल, शिखर जैन, पदम जैन एवं त्रिपुरारीलाल ठाकुरिया सहित बड़ी संख्या में अनेक गुप्त दानदाताओं ने सहयोग प्रदान किया है। समिति सदस्यों ने कहा कि आज के दौर में जब समाज स्वार्थ की दौड़ में उलझता जा रहा है, ऐसे समय में जरूरतमंदों के लिए उठाया गया हर कदम मानवता की नई मिसाल बनता है। 'रोटियों की खुशबू जब दुआओं में बदलती है, तब समाज में सेवा की असली लौ जलती है।' मण्डावर से उठी यह सेवा की अलख अब पूरे क्षेत्र में जनजागरण और सामाजिक सहभागिता का संदेश देती नजर आ रही है।

# डाबला-खेतड़ी -सिंघाना रेल लाइन को लेकर बढ़ी उम्मीदें, विधायक धर्मपाल गुर्जर की मेहनत ला रही रंग

**भीम प्रज्ञा न्यूज.खेतड़ी।**

**हर्ष स्वामी ।** क्षेत्र की बहुप्रतीक्षित डाबला-सिंघाना रेल लाइन परियोजना को लेकर अब सकारात्मक संकेत मिलने लगे हैं। खेतड़ी विधायक इंजीनियर धर्मपाल गुर्जर पिछले डेढ़ साल से इस रेल लाइन को स्वीकृति दिलाने के प्रयासों में लगातार जुटे हुए हैं। अब मुख्यमंत्री द्वारा विधायक को भेजे गए पत्र के बाद क्षेत्र में नई उम्मीद जगी है। मुख्यमंत्री ने अपने पत्र में बताया है कि विधायक द्वारा भेजे गए प्रस्ताव पर रेल मंत्रालय ने सकारात्मक रुख अपनाया है और इस दिशा में कार्रवाई जारी है। इसके बाद माना जा रहा है कि जल्द ही क्षेत्रवासियों को बड़ी खुशखबरी मिल सकती है। मुख्यमंत्री का यह पत्र सोशल मीडिया पर भी तेजी से वायरल हो रहा है। खेतड़ी विधायक इंजीनियर धर्मपाल गुर्जर ने



बताया कि उन्होंने वर्ष 2025 में मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर डाबला-सिंघाना रेल लाइन की आवश्यकता से अवगत कराया था। उन्होंने कहा कि यह रेल लाइन बनने से डाबला, खेतड़ी, सिंघाना और चिड़ावा क्षेत्र के लोगों को सीधा लाभ मिलेगा तथा व्यापार, रोजगार और यातायात सुविधाओं को मजबूती मिलेगी। विधायक ने यह भी कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए वे लगातार प्रयासरत हैं। डाबला-सिंघाना रेल लाइन के साथ-साथ बबाई हवाई पट्टी को लेकर भी सरकार स्तर पर लगातार पैरवी की जा रही है। गौरतलब है कि कुछ समय पहले सिंघाना क्षेत्र में रेलवे की जमीन से अतिक्रमण भी हटाया गया था। उस दौरान रेलवे अधिकारियों ने भी इस परियोजना के लिए प्रस्ताव तैयार होने की बात कही थी। अब मुख्यमंत्री के पत्र के बाद क्षेत्रवासियों की उम्मीदें और बढ़ गई हैं। यदि यह परियोजना स्वीकृत होती है तो डाबला, खेतड़ी, सिंघाना और चिड़ावा क्षेत्र के विकास को नई गति मिलने के साथ-साथ लोगों को बेहतर रेल सुविधा का लाभ मिल सकेगा।

# फतेहाबाद पुलिस की बड़ी कार्यवाही: 'मोनु हत्याकांड' में संलिप्त महिला सह-आरोपी गिरफ्तार

### हत्या के मामले में अब तक कुल 5 आरोपियों की हो चुकी है गिरफ्तारी

### प्रोफेसर कॉलोनी निवासी महिला आरोपी को पुलिस ने दबोचकर भेजा न्यायिक हिरासत में

**भीम प्रज्ञा न्यूज.फतेहाबाद।**

**रजत विजय रंगा ।** फतेहाबाद पुलिस द्वारा जघन्य अपराधों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना शहर फतेहाबाद पुलिस ने बालाजी कॉलोनी के युवक 'मोनु' की हत्या के मामले में एक और बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने इस हत्याकांड में शामिल महिला सह-आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।आरोपियां की पहचान हिना पुत्री राजेंद्र, निवासी झालानिया (हाल प्रोफेसर कॉलोनी, फतेहाबाद) के रूप में हुई है। थाना शहर फतेहाबाद प्रभारी निरिक्षक सुरेन्द्रा ने जानकारी



देते हुए बताया की बीती 26 अप्रैल 2026 की रात बालाजी कॉलोनी निवासी सचिन कुमार ने पुलिस को शिकायत दी थी कि उसका बड़ा भाई मोनु (28) अपने दोस्तों के साथ घर के पास बातचीत कर रहा था। इसी दौरान आपसी रंजिश के चलते आरोपियों ने हमला कर दिया। आरोपियों ने मोनु की जांघ में छुरी मारकर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया था, जिसकी इलाज के लिए अग्रोहा ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई थी। पीड़ित परिवार के बयानों के आधार पर भारतीय न्याय संहिता (बीएन एस) की धाराओं 103(1) (हत्या), 191(2), 191(3), 190 के तहत मुकदमा नंबर 181/2026 दर्ज किया गया था।इस मामले में पुलिस पहले ही चार मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। तफ्तीश को आगे बढ़ाते हुए पुलिस टीम ने इस षड्यंत्र और वारदात में शामिल महिला सह-आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया है । आरोपियां को माननीय न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है मामले की जांच जारी है।

# नीमराना में गर्भवती महिलाओं की गोद भराई कार्यक्रम आयोजित, सुरक्षित प्रसव के लिए किया जागरूक

### महिला पर्यवेक्षक संतोष यादव ने दी स्वास्थ्य संबंधी जानकारी, अस्पताल में प्रसव पर दिया जोर

**भीम प्रज्ञा न्यूज.नीमराना।**

महिला एवं बाल विकास विभाग नीमराना की ओर से मंगलवार को आठ माह की गर्भवती महिलाओं के लिए गोद भराई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिला पर्यवेक्षक संतोष यादव ने गर्भवती महिलाओं और उनके परिजनों को नवजात शिशु के स्वागत की तैयारियों तथा सुरक्षित प्रसव से जुड़ी अहम जानकारी दी। संतोष यादव ने बताया कि



गर्भावस्था के दौरान और प्रसव के समय किसी भी परेशानी से बचने के लिए समय रहते पूरी तैयारी जरूरी है। उन्होंने परिजनों को समझाया कि बच्चे का जन्म हमेशा सुरक्षित जगह पर ही होना चाहिए। संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने के लिए उन्होंने अधिक से अधिक अस्पताल में प्रसव कराने पर जोर दिया, ताकि जच्चा-बच्चा दोनों का स्वास्थ्य सुरक्षित रह सके।


कार्यक्रम में यह भी बताया गया कि नवजात शिशु के लिए पहले से क्या-क्या आवश्यक तैयारियां करनी चाहिए और गर्भवती महिला के खान-पान व देखभाल का विशेष ध्यान कैसे रखा जाए। इस अवसर पर निर्मला शर्मा, राजबाला देवी सहित कई अन्य महिलाएं मौजूद रहीं। महिला पर्यवेक्षक संतोष यादव ने सभी को स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं की जानकारी देकर जागरूक किया।

# सरकार की हठधर्मिता से सफाई व्यवस्था चरमराई, कर्मियों की जायज मांगें माने सरकार : विधायक चंद्रप्रकाश

## नीट परीक्षा सरकार की लापरवाही व अव्यवस्था की भेंट चढ़ गई : विधायक चंद्रप्रकाश

**भीम प्रज्ञा न्यूज.हिसार/मंडी आदमपुर।**

**विजय रंगा (ब्यूरो चीफ) ।** सफाई कर्मचारियों द्वारा अपनी मांगों के समर्थन में की जा रही हड़ताल के चलते सफाई व्यवस्था चरमरा गई है और जनता परेशानी झेलने के लिए मजबूर है। इस मामले में विधायक चंद्रप्रकाश ने कहा कि ऐसी विकट स्थिति में भी सरकार अपनी हठधर्मिता छोड़ने के लिए तैयार नहीं है। उन्होंने कहा कि हड़ताल के कारण जगह-जगह कूड़े के ढेर लग गए हैं और महामारी की आशंका बढ़ती जा रही है। चंद्रप्रकाश ने कहा कि अब गली-मोहल्लों में लगे कूड़े के ढेर के पास से गुजरना भी मुश्किल हो गया है। इस संदर्भ में जब लोग सरकार के प्रतिनिधियों से बात करते हैं तो वे एक-दूसरे पर जिम्मेदारी डालकर पल्ला झाड़ लेते हैं। चाहे किसी भी तरफ चले जाइए, रिहायशी इलाके हों, बाजार हो या फिर सड़कें हों, सभी कूड़े से अटे पड़े हैं। सफाई कर्मी कई वर्षों से अपनी मूलभूत मांगों को पूरा करने की गुहार लगा रहे हैं लेकिन सरकार इस मामले में उदासीन रवैया अपना रही है। उन्होंने कहा कि हड़ताल से न केवल सफाई व्यवस्था चरमराई है बल्कि नगर निकायों की



कार्यप्रणाली भी प्रभावित हुई है। सरकार इस दिशा में कोई ठोस कदम उठाने की अपेक्षा केवल आश्वासन देकर काम चला रही है।

उन्होंने कहा कि यदि समय रहते कर्मचारियों की मांगों पर ध्यान दिया जाता तो ऐसी विकट स्थिति पैदा ही नहीं होती। उन्होंने कहा कि ऐसी स्थिति में सरकार को जल्द से जल्द सफाई कर्मचारियों से वार्ता करके उनकी सभी जायज मांगों को पूरा करना चाहिए। ऐसा करने से ही सफाई व्यवस्था दोबारा पटरी पर आएगी और जनता को राहत मिलेगी। विधायक चंद्रप्रकाश ने नीट परीक्षा के रद्द होने पर व्यवस्था की विफलता पर रोष व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि वर्षों की तैयारी और दिन-रात के संघर्ष के बाद विद्यार्थी नीट परीक्षा देते हैं। ऐसी स्थिति में इस परीक्षा का रद्द होना लाखों होनहार छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ है। उन्होंने कहा कि दरअसल यह परीक्षा सरकार की लापरवाही व अव्यवस्था की भेंट चढ़ गई है। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में नीट परीक्षा के दौरान गड़बड़ियां, पेपर लीक और प्रशासनिक असफलताएं इस बात को साबित करती हैं कि सरकार छात्रों के भविष्य के प्रति कितनी गंभीर है। उन्होंने कहा कि सरकार को नीट परीक्षा सहित अन्य परीक्षाओं के दौरान पुख्ता प्रबंध करने चाहिए। इसके साथ ही परीक्षा को पारदर्शी व विश्वसनीय बनाया जाए और छात्रों की मेहनत से खिलवाड़ बंद होना चाहिए। इतना ही नहीं इस मामले के दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए ताकि इसकी पुनरावृत्ति न हो।

# सीआईए टोहाना पुलिस टीम की बड़ी कार्रवाई: 1200 नशीली गोलियों सहित पंजाब का नशा तस्कर गिरफ्तार

### अपराध अनुसंधान शाखा (सीआईए) टोहाना की टीम ने कुदनी हैड के पास से आरोपी को दबोचा, आरोपी से बिना नंबर की बाइक भी जब्त

**भीम प्रज्ञा न्यूज.टोहाना/जाखल।**

**रजत विजय रंगा ।** फतेहाबाद पुलिस द्वारा नशा तस्करों के विरुद्ध चलाए जा रहे 'क्लीन स्वीप' अभियान के तहत अपराध अनुसंधान शाखा (सीआईए) टोहाना ने कार्यवाही करते हुए भारी मात्रा में नशीली गोलियों सहित एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान गुरप्रीत उर्फ गोपी पुत्र नाजर सिंह, निवासी बलरा (पंजाब) के रूप में हुई है। सीआईए टोहाना प्रभारी उप निरिक्षक अशोक ने जानकारी देते हुए बताया की पुलिस टीम दमकौरा रोड और कुदनी हैड क्षेत्र में गश्त पर तैनात थी। इसी दौरान गुप्त सूचना मिली कि पंजाब का एक युवक बिना नंबर की बाइक पर टोहाना और जाखल क्षेत्र में नशीली गोलियां सप्लाई करने आने वाला है। सूचना के आधार पर पुलिस ने सिरसा ब्रांच नहर की पटरी पर कुदनी हैड के पास नाकाबंदी कर संदिग्ध मोटरसाइकिल सवार युवक को



काबू किया । नियमानुसार तलाशी लेने पर नशीली गोलियों के 120 पत्ते (कुल 1200 गोलियां) बरामद हुए। आरोपी गुरप्रीत उर्फ गोपी के खिलाफ थाना जाखल में एनडीपीएस एक्ट की धारा 22ष्ट-61-85 के तहत मुकदमा नंबर 60/2026 दर्ज कर गिरफ्तार किया गया । आरोपी से मामले में गहनता से पुछताछ की जा रही है , ताकि इस तस्करी नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों का पता लगाया जा सके। मामले में नियमानुसार कार्यवाही अमल में लाई जा रही है।

